

जनवरी-2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

➡ उपलब्धियाँ

➡ सराहनीय कार्य

➡ उल्लेखनीय कार्य

➡ कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

### पुलिस सप्ताह - 2018



● दिनांक 27.12.2018 : पुलिस सप्ताह – 2018 की वार्षिक रैतिक पुलिस परेड के मुख्य अतिथि मा. राज्यपाल, उ.प्र., श्री राम नाईक ने परेड का निरीक्षण एवं मान–प्रणाम ग्रहण करने के उपरान्त वीरता के लिये पुलिस पदक से श्री राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी, प्रशिक्षण एवं सुरक्षा को अलंकृत किया। विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति के पुलिस पदक से 11 अधिकारी/कर्मचारी अलंकृत किये गये। मा. राज्यपाल ने अपनी पाँचवी रैतिक परेड पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आश्रितों की सुरक्षा के लिये प्रदेश सरकार की कटिबद्धता व्यक्त की। मा. राज्यपाल ने उ.प्र. में कानून व्यवस्था में सुधार के लिये पुलिस का अभिनन्दन किया। प्रदेश में 11,981 अपराधियों के न्यायालय में आत्मसमर्पण/स्वयं जमानत निरस्त करा कर जेल जाने, 69 अपराधियों के मुठभेड़ में मारे जाने, गैंगेस्टर एक्ट में 16,876 एवं एनएसए में 281 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही, एण्टी रोमियो स्क्वॉड, वीमेन पावर लाइन 1090, एस.टी.एफ. इत्यादि की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रयागराज में 15 जनवरी से 4 मार्च 2019 तक कुम्भ के आयोजन हेतु सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था की सराहना की। उ.प्र. में अन्य प्रदेशों की तरह पुलिस कमिश्नर व्यवस्था शुरु करने हेतु विचार करने का उल्लेख भी किया।



● दिनांक 28.12.2018 : वरिष्ठ अधिकारियों के सम्मेलन में मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने माउस क्लिक कर हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की कुम्भ मेला पुलिस की वेबसाइट http://www.kumbhmelapolice.in का उद्‌घाटन किया। मा. मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेला सम्बन्धी एक डॉक्युमेंट (मेकिंग ऑफ़ कुम्भ) को भी लॉन्च किया। मा. मुख्यमंत्री ने 06 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों (श्री प्रशांत कुमार, एडीजी, मेरठ ज़ोन, श्री प्रवीण कुमार, आईजी, कानून व्यवस्था, श्री अभिषेक सिंह, एसएसपी, एस.टी.एफ., श्रीमती अलका ठाकुर, निरीक्षक, श्री अजय कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी व श्री सुदीप कटियार, आरक्षी) को वर्ष 2017/2018 के लिये 'मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पुलिस पदक' से अलंकृत किया।

पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने उद्‌बोधन में सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार पुलिस द्वारा व्यावसायिकता एवं दक्षता का प्रदर्शन कर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने, साम्प्रदायिक दंगा न होने देने, सभी प्रमुख अवसरों/त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने, 210 विदेशी प्रतिनिधियों/राजदूतों/विशिष्ट महानुभावों के प्रदेश भ्रमण, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2018, इण्डिया वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच, इण्टरनेशनल ग्लोबल रिनेवबुल इनर्जी इन्वेस्टर मीट, विज़िट ऑफ 72 हेड ऑफ मिशन टू प्रयागराज, किसान आंदोलन, काँवड़ यात्रा, अयोध्या में धार्मिक संगठनों की व्यवस्था के दौरान अचूक व्यवस्था इत्यादि का उल्लेख किया। ए.टी.एस., एस.टी.एफ., एण्टी रोमियो स्क्वॉड, पीएमएस एप, बीट पुलिसिंग एप, ऑटोमेटिक फिंगर प्रिंट आईडेंटीफिकेशन सिस्टम, ई–अभियोजन एवं ई–एफएसएल, त्रिनेत्र एप इत्यादि के योगदान के सम्बन्ध में भी उल्लेख किया। मा. मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में पुलिस के कार्यों की सराहना तथा सुधार हेतु निरन्तर प्रयास करने की अपेक्षा की।

## जन कल्याण सेवाएँ

### पुलिस के डिजिटल वॉलेण्टियर्स अभियान की उपलब्धि

● दिनांक 21/22.12.2018 : सन्तकबीरनगर में पुलिस गश्त के दौरान एक 14 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त बालक मिला जो नाम/पता बताने में असमर्थ था। बालक की फोटो सोशल मीडिया पर भेजकर डिजिटल वॉलेण्टियर्स ग्रुप से बालक की पहचान प्रेम चन्द्र मिश्रा के रूप में हुई। यह बालक दिनांक 21.12.2018 को सायं अपने घर से निकला था जिसकी तलाश उसके परिजन कर रहे थे। दिनांक 22.12.2018 को पुलिस ने बालक परिजनों को सौंपा।

## उपलब्धि

### पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को "उ.प्र. गौरव सम्मान"

● दिनांक 23.12.2018 : माँ फाउन्डेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक ,उ.प्र. को उ.प्र. में सराहनीय सेवा, उत्कृष्ट योगदान एवं नेतृत्व क्षमता के लिये "उ.प्र. गौरव सम्मान" मा. गृहमंत्री, भारत सरकार ने प्रदान किया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की अनुपस्थिति में पुलिस महानिदेशक के जी.एस.ओ. ने सम्मान ग्रहण किया।



## पहल

● दिनांक 26.12.2018 : पुलिस सप्ताह 2018 के दौरान पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पहल कर 11 वरिष्ठ पुलिस पेंशनर्स को सम्मानित किया। इस पहल की सर्वत्र सराहना हुई।






### शहीदों को अनूठी श्रद्धांजलि

● दिनांक 26.12.2018 : पुलिस सप्ताह 2018 के दौरान पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 'यूपी की शान, पुलिस के शहीद जवान' नामक कार्यक्रम आयोजित कराया जिसमें शहीद जवानों को संगीतमय श्रद्धांजलि दी गयी। श्री ओ.पी. सिंह और पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा, श्रीमती नीलम सिंह ने 07 शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया।



## सराहनीय कार्य

● दिनांक 30.12.2018 : सम्भल में पाँच अभियुक्त मय लूट के रु. 2,50,000.00 व रु. 06 लाख के सोने/चांदी के जेवरात गिरफ्तार।

● दिनांक 29.12.2018 : वाराणसी से 01 तस्कर रु. 12 लाख के कछुओं सहित गिरफ्तार।

● दिनांक 21.12.2018 : गौतमबुद्धनगर में अवैध कॉल सेण्टर चलाकर एफबीआई एजेंट बनकर विदेशी नागरिकों (अमेरिकन) को डरा धमकाकर उनसे ऑनलाईन धन वसूलने वाले गिरोह के 126 व्यक्ति मय 312 कम्प्यूटर गिरफ्तार।

● दिनांक 10/11.12.2018 : मुज़फ्फरनगर में चोरी के ट्रक मय 436 कट्टे चीनी (मूल्य लगभग रु. 23 लाख) बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 11.12.2018 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन, मेरठ द्वारा रु. 5,000.00 रिश्वत लेते हुए वरिष्ठ सहायक, बी.एस.ए. कार्यालय, बागपत व दिनांक 10.12.2018 को आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में वैयक्तिक सहायक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना सचिवालय, लखनऊ गिरफ्तार।

● दिनांक 09.12.2018 : गोरखपुर में रु. 10 लाख की रंगदारी के 05 अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 07.12.2018 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन, मुरादाबाद द्वारा रु. 20,000.00 रिश्वत लेते हुए अवर अभियन्ता विद्युत वितरण, रामपुर गिरफ्तार।

● दिनांक 05.12.2018 : बिजनौर में सोशल नेटवर्किंग साइट पर हनी ट्रैपिंग के 04 ठग ठगी के रु. 5,15,000.00, 30 एटीएम कार्ड, 01 लैपटॉप, 08 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार।

● दिनांक 05.12.2018 : दिनांक 29.11.2018 को श्री अनिल यादव, जनपद सिद्धार्थनगर ने सूचना दी कि 02 अज्ञात व्यक्तियों ने अंधेरे में उसके सर पर चोट कर वसूली के रु. 4,66,000.00 लूट लिये हैं। दिनांक 05.12.2018 को 02 अभियुक्त लूट की राशि सहित गिरफ्तार किये।

● दिनांक 04.12.2018 : मुरादाबाद में 02 अभियुक्त मय लूट के रु. 4,66,000.00 गिरफ्तार।

● दिनांक 02.12.2018 : दिनांक 21.10.2018 को श्री अमित कुमार गुप्ता, हापुड़ की सूचना पर कि दिनांक 19.10.2018 को उनका रु. 40 लाख मूल्य का सामान व बर्तन ट्रक से हापुड़ से सुल्तानपुर जा रहा था। दिनांक 19.10.2018 को अज्ञात बदमाश ट्रक को लूट ले गये तथा ड्राइवर व कंडक्टर को शाहजहाँपुर में फेंक गये। दिनांक 02.12.2018 को एटा में 04 अभियुक्त मय सामान गिरफ्तार किये।

## प्रेरक व्यक्तित्व

● दिनांक 23.12.2018 : लखनऊ में डम्पर व मोटरसाइकिल टक्कर में दुर्घटनाग्रस्त दम्पत्ति व बच्चे को मुख्य आरक्षी पीएनओ 950880569 सियाराम गौतम तत्काल मौके से उपचार हेतु अस्पताल ले गया।

● दिनांक 02.12.2018 : बाँदा में ग्राम बल्दूपुरवा में एक महिला के आग से जलने की सूचना पर पीआरवी व थाना नरैनी के आरक्षीगण ने मुख्य मार्ग से करीब 500 मीटर खेतों में स्थित घटनास्थल पर पहुँच कर 48 वर्षीय महिला को जली हालत में चारपाई पर कंधे पर ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने मुख्य आरक्षी, मारकण्डेय मिश्रा, आरक्षी, सुनील दत्त, आरक्षी/चालक, सुनील कुमार, आरक्षी, रोहित यादव व आरक्षी, संतोष कुमार को सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया।

## उल्लेखनीय कार्य

### एस.टी.एफ.

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रु.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 30.11.18 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 50,000.00 | 19.12.18 | अम्बेडकरनगर | 01 |
| | 02.12.18 | पश्चिम बंगाल | 01 |
| 25,000.00 | 30.12.18 | नैनीताल | 01 |
| | 28.12.18 | देवरिया | 01 |
| | 18.12.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 03.12.18 | प्रयागराज | 01 |
| 15,000.00 | 22.12.18 | वाराणसी | 01 |
| | 04.12.18 | लखनऊ | 01 |
| 10,000.00 | 28.12.18 | लखनऊ | 01 |

● दिनांक 27.12.2018 : ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा में उत्तर पुस्तिका बदलने वाले 07 ठग बागपत से गिरफ्तार। विभागों में धोखाधड़ी करके अभ्यर्थियों से दस्तावेज लेकर भर्ती कराने के नाम पर अनुचित लाभ लेने वाले गिरोह के सरगना सहित 02 सदस्य गिरफ्तार।

● दिनांक 23.12.2018 : उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक परीक्षा 2018 में परीक्षार्थीयों को सॉल्वर उपलब्ध कराने वाले गिरोह का सरगना एवं पूर्व सम्पन्न परीक्षा मे वांछित गैंग के 02 सदस्य मय दस्तावेज गिरफ्तार।

● दिनांक 22.12.2018 : 804 कछुओं सहित अन्तर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर फतेहपुर से गिरफ्तार।

● दिनांक 28.12.2018 : बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में तकनीकी छेड़छाड़ कर करोड़ों रुपये का चोर मुख्य अभियुक्त व रु. 10,000.00 का इनामी धमेन्द्र कुमार साथी सहित गिरफ्तार।

● दिनांक 21.12.2018 : गोरखपुर के आर्यन अस्पताल के डा. द्वारा साथियों के साथ मिलकर प्रेमिका/दूसरी पत्नी की हत्या कर शव को नेपाल राष्ट्र (पोखरा) में फेंके जाने की

घटना का अनावरण कर डा. सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार।

- दिनांक 13/14.12.2018 : लखनऊ में 605 प्रतिबन्धित देसी तोतों के साथ 02 तस्कर गिरफ्तार। ऑनलाईन शॉपिंग, लाइफ इन्श्योरेंस व जनरल इन्श्योरेंस का डेटा हैक कर ठगी करने वाले 36 ठग गिरफ्तार।
- दिनांक 07.12.2018 : चेक की क्लोनिंग करने वाले 03 ठग गिरफ्तार। रेलवे भर्ती बोर्ड की ग्रुप–डी परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के सरगना व 9 सदस्य कानपुर से गिरफ्तार।

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.12.18 | लखनऊ | –– | 2 कि.ग्रा. हेरोईन | 2 करोड़ | 01 |
| 29.12.18 | वाराणसी | –– | 142 कि.ग्रा. गाँजा | 8 लाख | 02 |
| 26.12.18 | लखनऊ | –– | 2 कि.ग्रा. हेरोईन | 2 करोड़ | 01 |
| 26.12.18 | लखनऊ | 425 | –– | 30 लाख | 01 |
| 24.12.18 | प्रयागराज | 1050 | –– | 60 लाख | 02 |
| 23.12.18 | प्रयागराज | 950 | –– | 40 लाख | 02 |
| 20.12.18 | लखनऊ | –– | 40 कि.ग्रा. चरस | 1.5 करोड | 04 |
| 17.12.18 | इटावा | –– | 660 कि.ग्रा. गाँजा | 60 लाख | 07 |
| 08.12.18 | बरेली | –– | 58 कि.ग्रा. चरस | 58 लाख | 02 |

## जनपदीय पुलिस

### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रु.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 50,000.00 | 25.12.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 25.12.18 | प्रयागराज | 01 |
| | 24.12.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 13.12.18 | आजमगढ़ | 01 |
| | 13.12.18 | सम्भल | 01 |
| | 09.12.18 | वाराणसी | 01 |
| | 09.12.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 08.12.18 | प्रयागराज | 01 |
| | 06.12.18 | वाराणसी | 01 |
| | 03.12.18 | हरदोई | 01 |
| | 01.12.18 | कन्नौज | 01 |
| | 30.11.18 | वाराणसी | 01 |
| 25,000.00 | 31.12.18 | बाँदा | 02 |
| | 30.12.18 | कानपुर नगर | 02 |
| | 26.12.18 | गौतमबुद्धनगर | 03 |
| | 26.12.18 | प्रयागराज | 02 |
| | 25.12.18 | सन्तकबीरनगर | 01 |
| | 25.12.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 23.12.18 | सम्भल | 01 |
| | 22.12.18 | मैनपुरी | 01 |
| | 22.12.18 | देवरिया | 01 |
| | 22.12.18 | मथुरा | 01 |
| | 20.12.18 | कासगंज | 01 |
| | 20.12.18 | मथुरा | 01 |
| | 19.12.18 | अमेठी | 01 |
| | 18.12.18 | मथुरा | 01 |
| | 18.12.18 | रायबरेली | 05 |
| | 18.12.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 18.12.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 17.12.18 | रायबरेली | 01 |
| | 17.12.18 | मेरठ | 01 |
| | 15.12.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 16.12.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 15.12.18 | मथुरा | 01 |
| | 15.12.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 14.12.18 | शाहजहाँपुर | 01 |
| | 13.12.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 13.12.18 | आजमगढ़ | 01 |
| | 12.12.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 12.12.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 12.12.18 | हरदोई | 02 |
| | 11.12.18 | मैनपुरी | 01 |
| | 10.12.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 09.12.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 08.12.18 | बलिया | 01 |
| | 06.12.18 | फतेहपुर | 01 |
| | 06.12.18 | रायबरेली | 03 |
| | 05.12.18 | वाराणसी | 01 |
| | 05.12.18 | रामपुर | 01 |
| | 04.12.18 | रामपुर | 01 |
| | 04.12.18 | सोनभद्र | 02 |
| | 04.12.18 | हरदोई | 01 |
| | 03.12.18 | हरदोई | 01 |
| | 02.12.18 | बाराबंकी | 01 |
| 20,000.00 | 28.12.18 | खीरी | 01 |
| | 26.12.18 | मथुरा | 01 |
| | 24.12.18 | हरदोई | 01 |
| | 24.12.18 | सम्भल | 01 |
| | 23.12.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 21.12.18 | अलीगढ़ | 02 |
| | 19.12.18 | कानपुर देहात | 01 |
| | 18.12.18 | जालौन | 01 |
| | 17.12.18 | अलीगढ़ | 01 |
| | 14.12.18 | एटा | 01 |
| 15,000.00 | 30.12.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 29.12.18 | मेरठ | 01 |
| | 29.12.18 | एटा | 01 |
| | 27.12.18 | वाराणसी | 01 |
| | 27.12.18 | कौशाम्बी | 01 |
| | 26.12.18 | जौनपुर | 01 |
| | 26.12.18 | बिजनौर | 01 |
| | 23.12.18 | खीरी | 01 |
| | 21.12.18 | चन्दौली | 01 |
| | 19.12.18 | चन्दौली | 01 |
| | 18.12.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 17.12.18 | खीरी | 02 |
| | 15.12.18 | हरदोई | 01 |
| | 13.12.18 | कौशाम्बी | 01 |
| | 12.12.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 12.12.18 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| | 09.12.18 | मेरठ | 01 |
| | 06.12.18 | कानपुर नगर | 01 |
| | 04.12.18 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| | 01.12.18 | चन्दौली | 01 |
| 12,000.00 | 29.12.18 | सन्तकबीरनगर | 02 |
| | 15.12.18 | वाराणसी | 01 |
| | 14.12.18 | वाराणसी | 02 |
| 10,000.00 | 13.12.18 | अमेठी | 02 |
| | 12.12.18 | हरदोई | 01 |
| | 06.12.18 | अमरोहा | 01 |
| | 04.12.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 02.12.18 | शामली | 01 |
| | 02.12.18 | वाराणसी | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 29.12.18 | मथुरा | 800 | –– | 30 लाख | 02 |
| 28.12.18 | बुलन्दशहर | 1218 | –– | 50 लाख | 01 |
| 23.12.18 | एटा | 15 ड्रम | –– | 01 करोड़ | 02 |
| 20.12.18 | गौतमबुद्धनगर | 550 | –– | 32 लाख | 02 |
| 20.12.18 | मथुरा | 450 | –– | 15 लाख | 01 |
| 17.12.18 | एटा | 510 | –– | 30 लाख | 01 |
| 12.12.18 | मऊ | –– | 55.450 कि.ग्रा. गाँजा | 4.50 लाख | 01 |
| 11.12.18 | एटा | 600 | –– | 25 लाख | 01 |
| 08.12.18 | मिर्जापुर | 1000 | –– | 44 लाख | 04 |
| 07.12.18 | खीरी | –– | 200 ग्रा. हेरोईन | 20 लाख | 02 |
| 04.12.18 | एटा | 1010 | –– | 30 लाख | 01 |
| 02.12.18 | एटा | 212 | –– | 15 लाख | 01 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद मथुरा, बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्धनगर, एटा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, बुलन्दशहर, इटावा, वाराणसी, सम्भल, सहारनपुर, मेरठ, चंदौसी, हरदोई, हापुड, मुरादाबाद, कासगंज, मऊ, बाराबंकी, फतेहपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, बहराइच, चंदौली, प्रयागराज, प्रतापगढ़, महराजगंज, मुज़फ्फरनगर, वाराणसी, सन्तकबीरनगर, बिजनौर, अलीगढ़, बुलन्दशहर, हाथरस, देवरिया, गोण्डा, सुल्तानपुर, रामपुर, हमीरपुर, इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र–63/2018 दिनांक 18.12.2018 द्वारा उ.प्र. राज्य के अराजपत्रित कार्मिकों के सेवाभिलेखों में मूल निवास स्थान के पते को परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश;

2) डीजी–परिपत्र–62/2018 दिनांक 06.12.2018 द्वारा मा. उच्च न्यायालय में दोषमुक्ति के विरुद्ध योजित राजकीय अपील संख्याः 793/2018 उ.प्र. राज्य बनाम लईक व 02 अन्य के सम्बन्ध में निर्देश।

### पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

- दिनांक 30/31.12.2018 : अवैध कन्ट्रीमेड/फैक्ट्रीमेड शस्त्रों के विरुद्ध अभियान के परिणाम–

| ज़ोन | कन्ट्रीमेड शस्त्र | फैक्ट्रीमेड शस्त्र | कारतूस | शस्त्र फैक्ट्री | गिरफ्तार अभियुक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| आगरा | 294 | 05 | 300 | 02 | 205 |
| मेरठ | 191 | 01 | 334 | 02 | 195 |
| लखनऊ | 91 | 01 | 113 | 02 | 83 |
| प्रयागराज | 66 | –– | 92 | 01(04 बम) | 67 |
| बरेली | 66 | –– | 100 | –– | 92 |
| कानपुर | 55 | 04 | 62 | –– | 65 |
| गोरखपुर | 49 | 01 | –– | –– | 71 |
| वाराणसी | 26 | –– | 34 | –– | 40 |

● वर्ष 2018 में 30.11.2018 तक 25 हजार एवं इससे ऊपर के इनामी शातिर 372 अपराधियों की गिरफ्तारी की स्थिति–

| इनाम (रु.) | गिरफ्तारी | इनाम (रु.) | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,00,000.00 | 16 | 35,000.00 | 01 |
| 75,000.00 | 01 | 30,000.00 | 05 |
| 50,000.00 | 71 | 25,000.00 | 277 |
| 40,000.00 | 01 | | |

● पीलीभीत में प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व रु. 10 लाख के अर्थदण्ड की सजा, दो अभियुक्तों को 8–8 वर्ष का कठोर कारावास व रु. 8–8 लाख का अर्थदण्ड।

● जमानत पर रिहा अपराधियों के जमानतदारों की जाँच एवं निगरानी, गम्भीर अपराधों के अपराधियों के ऊपर प्रभावी कार्यवाही व न्यायालयों में जघन्य अपराधों के अभियोगों की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप दिनांक 30.11.2018 तक 12,291 अपराधी न्यायालयों में आत्मसमर्पण/जमानत निरस्त कराकर जेल गये।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

● दिनांक 18.12.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आगरा ज़ोन के अधिकारियों के साथ अपराध एवं कानून व्यवस्था गोष्ठी की। मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन व पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने आगरा में मालदीव के मा. राष्ट्रपति, श्री इब्राहिम मोहम्मद सोलेह एवं श्रीमती फज़ना अहमद का भव्य स्वागत किया।



● दिनांक 01.12.2018 : पुलिस महानिदेशक उ.प्र. ने प्रयागराज में सेना के अधिकारियों के साथ फोर्ट परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। संगम क्षेत्र का भ्रमण, कुम्भ मेला परिसर का उद्घाटन व समन्वय बैठक की तथा पाँच प्राथमिकताओं (मोबिलाईज़ेशन एण्ड डिप्लायमेन्ट ऑफ फोर्स, प्रशिक्षण, ट्रैफिक, सुरक्षा व मीडिया/सोशल मीडिया) पर प्रकाश डाला। कुम्भ मेला हेतु 39 मोटर साईकिल अग्निशमन दस्ते को रवाना किया व कर्मचारियों की बैरक का निरीक्षण किया।

## पुलिस सप्ताह-2018

### पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की परेड

● दिनांक 24.12.2018 : परेड में पीएसी, एस.डी.आर.एफ., यातायात पुलिस, महिला पुलिस, जी.आर.पी., ए.टी.एस., आर.आर.एफ., अश्वारोही दल, यूपी–100, फायर सर्विस एवं पुलिस दूरसंचार की टुकड़ियाँ सम्मिलित हुईं। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक प्राप्त 121 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को अलंकृत किया व वर्ष 2018 में गुणवत्तापूर्वक विवेचना के लिये तीन विवेचकों को पुरस्कृत किया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने भव्य परेड की सराहना की। पुलिस कार्यवाही में 3,352 अपराधियों की गिरफ्तारी, मुठभेड़ों में 69 दुर्दान्त एवं ईनामी अपराधियों को मार गिराने में सफलता, 847 अपराधियों के घायल होने, 286 अपराधियों के विरुद्ध रासुका की कार्यवाही गैंगेस्टर अधिनियम के 213 प्रकरणो में रु. एक अरब चौरासी करोड़ से अधिक की धनराशि जब्त करने, प्रदेश में 11,981 अपराधियों के स्वयं जमानत निरस्त करा के न्यायालय में आत्मसर्मपण किये जाने का उल्लेख किया। वीमेन पावर लाइन–1090 में दो लाख से अधिक शिकायतें दर्ज होने, एण्टी रोमियो स्क्वॉड के अभियान द्वारा 27 लाख से अधिक व्यक्तियों को चेक करते हुए 2,043 अभियोग पंजीकृत कराये जाने तथा 12 लाख से अधिक लोगों को चेतावनी देने का उल्लेख भी किया। आमजन हेतु तैयार UPCOP Mobile App, Centralized Mobile Based App TRINETRA, ट्विटर सेवा, दो लाख चालीस हजार डिज़िटल वालेण्टियर्स का Whatsapp ग्रुप तैयार हो जाने से अवगत कराते हुए 04 अवार्ड (FICCI Award for Best Practices in SMART Policing 2017, Police Exellence Award, Social Media For Empowerment, Digital Enabler Award) प्राप्त होने का जिक्र किया। पुलिस कर्मियों के कल्याण, विभिन्न पदों पर पदोन्नति, भर्ती, पदों की स्वीकृति, शहीदों के आश्रितों की सुविधाओं को स्पष्ट किया।







### पुलिस सप्ताह कार्यक्रम

● दिनांक 29.12.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की वरिष्ठ पीपीएस अधिकारियों के साथ बैठक तथा पुलिस लाईन, लखनऊ में विविध प्रदर्शन व बड़ा खाना का आयोजन सम्पन्न हुआ।









● दिनांक 28.12.2018 : वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में श्री आशीष तिवारी, एसपी, एटा, श्री अशोक कुमार तृतीय, एसएसपी, बदायूँ, श्री अमित पाठक, एसएसपी, आगरा, श्री विजय ढुल, एसपी, मानवाधिकार प्रकोष्ठ एवं सुश्री शालिनी, एसपी, अम्बेडकरनगर व श्री इमरान, एसपी, यूपी 100 ने प्रस्तुतीकरण किये।

● दिनांक 27.12.2018 : वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में श्री एस.के. भगत, आईजी, अपराध, श्री प्रेम प्रकाश, एडीजी, बरेली ज़ोन, श्री आशुतोष पाण्डेय, एडीजी, तकनीकी सेवायें, श्री आदित्य मिश्रा, एडीजी, यूपी 100 एवं श्रीमती अंजू गुप्ता, एडीजी, वीमेन पावर लाइन–1090 ने प्रस्तुतीकरण किये।

● दिनांक 26.12.2018 : उ.प्र. पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान की 18वीं वार्षिक बैठक तथा पेंशनर्स एवं सेवारत अधिकारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई।



## विविध

● दिनांक 17.12.2018 : पीएसी के 70वें स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ जी को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। मुख्य अतिथि ने पीएसी की निष्ठा, निष्पक्षता, व्यवसायिक दक्षता व वीरता के मापदण्डों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ के सेनानायक, डा. राकेश सिंह को सर्वोत्तम वाहिनी की चल वैजयन्ती, सर्वश्रेष्ठ कार्य का पुरस्कार सेनानायक, 30वीं वाहिनी पीएसी, गोण्डा, श्री अशोक कुमार वर्मा एवं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का नकद पुरस्कार एवं ट्राफी मुख्य आरक्षी (प्रो0) श्री प्रभाश श्रीवास्तव, 12वीं वाहिनी पीएसी, फतेहपुर को प्रदान की गयी।





● दिनांक 11.12.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 2015, 2016 एवं 2017 बैच के 16 प्रशिक्षु आई.पी.एस. से भेंट की।

● दिनांक 10.12.2018 : "मानवाधिकर दिवस" पर श्री आनन्द कुमार, एडीजी, कानून व्यवस्था ने मुख्यालय के अधि./कर्म. को शपथ दिलायी।

निर्देशन : श्री संजीव गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री आर.के. गौतम, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500